## खरीदी केंद्रों में किसानों को न हो किसी भी तरह की परेशानी, सुचारू हो उपार्जन का कार्य - प्रभारी मंत्री श्री सिंह

# पेयजल प्रदाय में लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्तः प्रभारी मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के मंत्री और छिंदवाड़ा जिले के प्रभारी मंत्री श्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में आज जिला योजना समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में निर्धारित एजेंडा बिंदुओं के अनुसार नगरीय क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था, गेहूं उपार्जन, जल जीवन मिशन एवं अन्य बिंदुओं पर विभागों की गहन समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए । जनप्रतिनिधियों से विभिन्न सुझाव भी लिए गए।

प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने स्पष्ट एवं सख्त निर्देश दिए हैं कि नगरीय एवं ग्रामीण किसी भी क्षेत्र में पेयजल प्रदाय में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सभी सीएमओ नगरीय निकाय में जहां-जहां वर्तमान में पेयजल की समस्याएं है, नियमित जल का प्रदाय नहीं किया जा रहा है और जहां आगामी ग्रीष्मकाल में जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, अभी से वैकल्पिक व्यवस्था बना लें। इस संबंध में जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न सुझाव भी दिए गए, जिनकी प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने सराहना की और नगर निगम आयुक्त एवं सभी सीएमओ को उन सुझावों का परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए, जिससे पेयजल की समस्या का स्थाई समाधान निकाला जा सके।

उन्होंने नगरीय निकायों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि ठेकेदारों की अकेले लापरवाही तय नहीं की जायेगी। यदि ठेकेदार अमृत 2 योजना एवं पाइप विस्तारीकरण संबंधी कार्य समय पर नहीं करते हैं, तो पेनाल्टी लगाने के साथ ही कार्यवाही भी करें। साप्ताहिक वर्क प्लान ठेकेदार के साथ बैठकर तैयार करें और उसका सप्ताह के अंदर ही इंप्लीमेंटेशन कराएं, यह आपकी जवाबदारी है। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों में जनप्रतिनिधियों द्वारा लापरवाही बताए जाने पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि शेष रह गई सभी योजनाएं शीघ्र पूरी कराएं। जहां जल स्त्रोत सूख गए हैं, वैकल्पिक जल स्त्रोत ढूंढे। परीक्षण के उपरांत नए बोर कराएं। आंगनबाड़ी एवं स्कूलों में भी पानी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने नल जल योजनाओं में लापरवाही की शिकायत पर कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह को सभी योजनाओं की जांच कराने और अगली बैठक में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया है।



### खरीदी केंद्रों में किसानों के लिए हों समुचित व्यवस्थाएं

प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने रबी उपार्जन की समीक्षा की और जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी खरीदी केंद्रों में किसानों के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहें। किसानों का किसी भी तरह से शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खरीदी केंद्रों पर नियमित निगरानी रखी जाए। सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को हिन्दू नववर्ष एवं नवरात्रि पर्व की शुभकानाओं के साथ प्रभारी मंत्री श्री सिंह द्वारा बैठक का समापन किया गया।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

जिला योजना समिति की बैठक में छिंदवाड़ा सांसद श्री विवेक बंटी साहू, महापौर श्री विक्रम अहके, कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह, प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्री अवधेश प्रताप सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, विधायक अमरवाड़ा श्री कमलेश प्रताप शाह, विधायक परासिया श्री सोहनलाल वाल्मीक, विधायक चौरई श्री सुजीत सिंह चौधरी, विधायक जुन्नारदेव श्री सुनील उईके, विधायक सौंसर श्री विजय रेवनाथ चौरे एवं विधायक पांढुर्णा श्री निलेश उईके, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय पुन्हार सहित जिला योजना समिति के सभी शासकीय एवं अशासकीय सदस्य और संबंधित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### छात्र-छात्राओं का पुष्प वर्षा से स्वागत कर किया सीधा संवाद

प्रदेश के लोक निर्माण विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री राकेश सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं छिन्दवाड़ा/पांढुर्णा सांसद श्री विवेक बंटी साहू की अध्यक्षता में आज शा.महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिन्दवाड़ा में ₹प्रवेशोत्सव कार्यक्रम-2025₹ स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं से संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद किया और कई रोचक प्रश्न पूछते हुए जल संरक्षण का महत्व समझाया। प्रभारी मंत्री श्री सिंह और सांसद श्री साहू ने छात्र-छात्राओं का फूल मालाओं तथा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया एवं पाठ्य पुस्तकें और उपहार भी भेंट किये। कार्यक्रम का आयोजन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किया गया था। कार्यक्रम में अमरवाड़ा विधायक श्री कमलेश प्रताप शाह, नगरपालिक निगम महापौर श्री विक्रम अहके, श्री शेषराव यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि और कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह, प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्री अवधेश प्रताप सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल सहित शिक्षा विभाग के विभिन्न अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक-शिक्षिकायें और बड़ी संख्या में शहर के प्रमुख शासकीय स्कूलों के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## प्रभारी मंत्री ने जिले को दी 32 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

**छिन्दवाड़ा।** प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के मंत्री और छिंदवाड़ा जिले के प्रभारी मंत्री श्री राकेश सिंह ने आज प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय पी.जी.कॉलेज छिंदवाड़ा में आयोजित कार्यक्रम में छिंदवाड़ा जिले को लगभग 33 करोड़ रूपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। इस अवसर पर उन्होंने कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए बनाए गए नवनिर्मित विज्ञान भवन का फीता काटकर शुभारम्भ भी किया और विद्यार्थियों को बधाई दी। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों की मांग पर प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने पी.जी.कॉलेज छिंदवाड़ा का नामकरण पूर्व प्रधानमंत्री स्व.श्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर करने की घोषणा भी की।

प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें जल और पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया और उनसे बेहतर शिक्षा अर्जन के साथ ही सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के प्रति जवाबदेह बनने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि भविष्य की बागडोर युवाओं के हाथ में है। हम सभी को मिलकर जल को बचाने और इसके लिए सभी को प्रेरित करने का कार्य करना है। हर व्यक्ति अपनी भूमिका का निर्वहन करेगा, तब ही मिलकर भविष्य की चुनौतियों से निपटा जा सकता है। उन्होंने महाविद्यालय के सभी युवाओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और प्रधानमंत्री श्री मोदी के 2047 के भारत के सपने को पूरा करने में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।



### विकास कार्यों से विद्यार्थियों, जरूरतमंदों और ग्रामीणों को मिलेंगी सुविधाएं

प्रभारी मंत्री श्री सिंह द्वारा आज 2585.75 लाख रुपए की लागत के 05 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और 616.76 लाख रुपए की लागत के 01 निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। नगर निगम छिंदवाड़ा के अंतर्गत जिला मुख्यालय में 100 बिस्तर के श्रमिक विश्राम गृह (रैन बसेरा) के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया है, जिसकी अनुमानित लागत 616.76 लाख रुपये है। श्रमिक विश्राम गृह (रैन बसेरा) के निर्माण से श्रमिकों को आराम एवं ठहरने की उचित व्यवस्था मिलेगी। इसके अतिरिक्त प्रभारी मंत्री श्री सिंह द्वारा कुल 5 पूर्ण कार्यों का लोकार्पण किया गया, जिनमें प्रमुख रूप से छिंदवाड़ा स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में साइंस ब्लॉक का निर्माण एवं भवन नवीनीकरण (लागत 890.77 लाख), जिला मुख्यालय में आदिवासी बालक छात्रावास (पोस्ट मैट्रिक) का निर्माण (लागत 360.68 लाख), ग्राम खजरी के हायर सेकेण्ड्री स्कूल में 03 लैब एवं 04 कक्षाओं का निर्माण (लागत 123 लाख), चौरई में शासकीय महाविद्यालय के नवीन भवन का निर्माण (लागत 617.82 लाख) तथा रजोला-भोकई सड़क (लंबाई 6.50 कि.मी.) का पुनर्निर्माण (लागत 593.48 लाख) शामिल हैं। रजोला-भोकई मार्ग परियोजना के तहत 6.50 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया गया, जिसमें 19 ह्यूम पाइप कल्वर्ट एवं एक स्लैब कल्वर्ट पुलिया निर्मित की गई। यह मार्ग एनएच-547 पर स्थित ग्राम रजोला से प्रारंभ होकर बालकछार होते हुए ग्राम भोकई को जोड़ता है। मार्ग के पुनर्निर्माण से लगभग 2,476 की आबादी को सीधा लाभ पहुंचा है। इससे ग्रामीणों को सुलभ आवागमन, किसानों को मंडी तक फसल पहुँचाने तथा विद्यार्थियों को स्कूल आने-जाने में विशेष सुविधा प्राप्त हुई है। आज लोकार्पित विकास कार्यों से जिले में शिक्षा, यातायात और आवासीय आवश्यकताओं को मजबूती मिली है। जिसके लिए छिंदवाड़ा सांसद श्री विवेक बंटी साहू ने प्रभारी मंत्री जी आभार व्यक्त किया। विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम के अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में छिंदवाड़ा सांसद श्री विवेक बंटी साहू, अमरवाड़ा विधायक श्री कमलेश प्रताप शाह, महापौर श्री विक्रम अहके और श्री शेषराव यादव, श्री लखन वर्मा, श्री विजय पांडे, श्री विजय झांझरी, श्री अजय सक्सेना, श्री अंकुर शुक्ला, श्री संजय पटेल, श्री सौरभ ठाकुर, श्री भरत घई, श्री माइकल पहाड़े, श्री अलडक सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह, प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्री अवधेश प्रताप सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, पी.जी.कॉलेज के प्राचार्य, चौरई कॉलेज के प्राचार्य, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, पत्रकार गण, गणमान्य नागरिक और महाविद्यालय का स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने की जिले के प्राकृतिक खेती करने वाले प्रगतिशील कृषकों से चर्चा

मध्यप्रदेश शासन के पीडब्ल्यूडी मंत्री एवं छिंदवाड़ा जिले के प्रभारी मंत्री श्री राकेश सिंह ने आज छिंदवाड़ा जिले के दौरे के दौरान जिले के प्राकृतिक खेती करने वाले उन्नतशील कृषकों से चर्चा की। इस दौरान छिंदवाड़ा सांसद श्री विवेक बंटी साहू, अमरवाड़ा विधायक श्री कमलेश प्रताप शाह, श्री शेषराव यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, उप संचालक कृषि श्री जितेंद्र कुमार सिंह, उप संचालक पशुपालन डॉ.एच.जी.एस.पक्षवार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने ज़िले के प्रगतिशील प्राकृतिक कृषक श्री राहुल कुमार वसूले, ग्राम भुमका के श्री पूरन लाल इनवाती, श्री संजय गुप्ता, श्री बलवीर चंद्रवंशी, श्रीमती सुषमा शर्मा, श्रीमती लक्ष्मी घाघरे, श्रीमती इंगले से चर्चा कर किसानों द्वारा किये जा रहे प्राकृतिक खेती के उत्पादों और उनके विपणन आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की एवं किसानों के कार्यों और उनकी उद्यमशीलता को सराहा । प्रत्येक किसान से चर्चा कर विस्तृत जानकारी ली । प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने प्राकृतिक खेती को मानव स्वास्थ, मृदा स्वास्थ और पर्यावरण के लिए अत्यंत लाभदायक बताया ।

## पुलिस ने अवैध शराब के साथ पकड़ा एक आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

चौरई पुलिस ने अवैध शराब सहित एक आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) चौरई राजेश सिंह बंजारे के नेतृत्व मे एवं थाना प्रभारी चौरई गनपत सिंह उईके के कुशल मार्गदर्शन मे चौकी प्रभारी हिवरखेड़ी चेतन मर्सकोले चौकी एवं पुलिस स्टाफ ने दिनांक 03/04/25 को मुखबिर से प्राप्त सूचना पर ग्राम केवलारी संभा मे दबिश देकर एक नफर आरोपी के कब्जे से कुल 07 पेटिया जिसमें 06 पेटियों मे देशी मशाला के 180 एमएल वाले 50-50 पाव शीलबंद हालत में, 01 पेटी मे देशी मदिरा प्लेन की कुल 16 नग प्रत्येक नग में 180 एमएल शीलबंद हालत में एवं अंग्रेजी शराब व्हिस्की माइलस्टोन प्रत्येक



180 एम.एल. के 22 पाव कुल जुमला 60.840 लीटर कीमती 48,320/- (अडतालीस हजार तीन सौ बीस रूपये) जप्त किया गया है । प्रकरण में 01 नफर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है जो माननीय न्यायालय द्वारा जेल निरूध्द करने के आदेश दिये गये हैं । अग्रिम कार्यवाही की जा रही है ।

**गिरफ्तार शुदा आरोपी** – अंगद पिता कन्हईराम वर्मा उम्र 35 साल निवासी ग्राम केवलारी संभा थाना चौरई।

### पुलिस ने पकडा आईपीएल सट्टेबाज

**पांढुर्ना।** कल रात 9 बजे ग्राम बोथिया के पास पुलिस ने नरेंद्र पिता बोधराम गजभिए निवासी बडचीचोली को आयपीएल क्रिकेट मैच के लिए सट्टा लगाते हुए धर दबोचा। पुलिस ने बताया कि नरेंद्र सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता वॉरियर्स के बीच मैच के लिए बोथिया में यात्री प्रतीक्षालय के पास सट्टा लगा रहा था। पुलिस ने आरोपी के पास से 7400 रू और 2 मोबाइल फोन जब्त किए है। नरेंद्र को पकडने वाले दल में थाना प्रभारी पांढुर्णा अजय मरकाम उप निरीक्षक विक्रम बघेल, सहायक उप निरीक्षक शिव करण पांडे, आरक्षक पुष्पेंद्र सिंह राजपूत, आरक्षक अशोक हरसूले, सुरेंद्र परानी एवं साइबर सेल आरक्षक अखिलेश शामिल रहे।

### प्राथमिक शाला ओझलढाना में पदस्थ एक सहायक शिक्षक निलंबित

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा विकासखंड जुन्नारदेव की प्राथमिक शाला ओझलढाना के सहायक शिक्षक श्री प्रीतम कवरेती को शाला समय पर मदिरा का सेवन कर उपस्थित होने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी हर्रई द्वारा कार्यालयीन पत्र 30 जनवरी 2025 द्वारा लेख किया है कि विकासखंड जुन्नारदेव की प्राथमिक शाला ओझलढाना के सहायक शिक्षक श्री प्रीतम कवरेती शाला समय पर मदिरा का सेवन कर उपस्थित होते है, नशे की हालत में अध्यापन कार्य कराते है। जिससे छात्र डरे हुए है, प्रधान पाठक के समझाने पर प्रधान पाठक से अपशब्दों का प्रयोग करते हैं, पालकों द्वारा समझाने पर भी शिक्षक के कार्यव्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं आया है।

## तामिया जनपद के साप्ताहिक बाजारों में ठेकेदार सचिवों की शह पर दुकानदारों से वसूल रहे मनमाना टैक्स

# टैक्स मुक्त अंडा, मुर्गी, पत्ती, पाला वालों से करते हैं रंगदारी से वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों की नीलामी प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष चालू वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से 31 मार्च 26 तक के लिए साप्ताहिक बाजारों की नीलामी पंचायत द्वारा की जा चुकी है। बाजार नीलामी में विसंगति भी देखने मिल रही है कि ग्राम पंचायत को 5000 से अधिक का नगद लेनदेन का अधिकार नहीं है।

बावजूद इसके लाखों के बाजार ठेके बिना जीएसटी नंबर वाले ठेकेदारों को देकर अनुबंध कर नगद राशि पंचायत खाते में जमा करवाई गई है। इस तरह नीलामी प्रक्रिया में पंचायतों की अनदेखी साफ देखी जा सकती है, वहीं नीलामी के दौरान जो शर्ते हैं उसमें बाजार भूमि का कितने रकवे बाजार लगता है, वह भी निश्चित नहीं है। इस कारण ठेकेदार मनमाने तरीके से दुकानदारों से टैक्स वसूलते है। पंचायतों द्वारा ठेकेदार को टैक्स



वसूली के लिए रसीद कट्टा प्रदान किया जाता है।

जिससे निर्धारित दर पर दुकानदारों से टैक्स वसूल कर रसीद दे पंचायत द्वारा रसीद कट्टा नहीं देने की स्थिति में ठेकेदार मनमाने रेट से वसूली कर रहे हैं। ठेका अनुबंध की शर्तों में साफ उल्लेख है कि गुजरी बाजार में मुर्गा मुर्गी अंडा छोटे छोटे ढेर लगाकर सब्जी भाजी पाला पत्ता आदि सामग्री बेचने वाले छोटे विक्रेताओं से टैक्स वसूली मुक्त रखी गई है। लेकिन ग्राम पंचायत की लापरवाही एवं ठेकेदार पर मेहरबानी के कारण बाजार ठेकेदार इनसे भी मनमाना टैक्स रंगदारी के साथ वसूल रहे हैं। इस पर भी रोक लगनी चाहिए एवं बाजारों में टैक्स वसूली दर के पोस्टर लगना चाहिए, वहीं साप्ताहिक बाजारों का ठेका देने का मूल उद्देश्य है कि ग्राम पंचायत में बाजार के कारण गंदगी ना फैले एवं इसी राशि से साफ सफाई की जा सके।

वही बाजार में आने वाले दुकानदारों को मूलभूत सुविधाओं में बिजली पानी शौचालय उनके दुकान लगाने की उचित व्यवस्था सहित अन्य सुविधाएं दिए जाना चाहिए, लेकिन स्थानीय जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बाजार ठेके की राशि का बाजार में उपयोग ना कर अपने निजी स्वार्थ के लिए मनमाने तरीके से राशि खर्च कर रही है। इस तरह टैक्स के नाम पर आ रही राशि में भी ग्राम पंचायत सचिव डंडी मारने में पीछे नहीं है। पंचायत की साप्ताहिक बाजारों में बाजार ठेकेदार को मनमानी छूट दिए जाने के कारण दुकानदार गुजरी बाजार के लोग टैक्स के नाम पर लूट रहे हैं।

वहीं जनपद के मुख्य कार्यपालनअधिकारी पंचायत इंस्पेक्टर भी साप्ताहिक बाजार में कभी निरीक्षण करने नहीं पहुंचते हैं क्योंकि उनका इन बाजार वाली पंचायतो के सचिवों को संरक्षण मिला हुआ है। इसलिए बाजारों में जाना उचित नहीं समझते, वहीं ठेकेदारों की रंगदारी भी कम नहीं है। अगर किसी दुकानदार ने शिकायत कर दी तो उसे अगले सप्ताह बाजार आने साफ मना किया जाता है। गाली गलौच एवं मारपीट तक करने से यह बाजार ठेकेदार पीछे नहीं रहते हैं। इस तरह तामियां जनपद पंचायत की ग्राम पंचायतो में लग रहे। साप्ताहिक बाजारों में ठेकेदारों की मनमानी गुंडागर्दी अंधेर गर्दी के कारण दुकानदार एवं आने वाले बाजार में लोगों को मूलभूत सुविधाओं के अभाव का सामना करना पड़ रहा है।




भक्तों की आस्था का है केंद्र, दूर दूर से पहुंचते है भक्त, दर्शन करने से भक्तों के कष्ट होते है दूर

# सिद्ध मंदिर नगर देवी सिद्धपीठ के रूप में प्रसिद्ध है संतोषी माता मंदिर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा शहर के चारपाठक स्थित श्री संतोषी माता मंदिर छिंदवाड़ा का सबसे प्राचीन एवं सिद्ध मंदिर है, जिसे नगर देवी सिद्ध पीठ के रूप में भी जाना जाता है। मान्यता है कि इस मंदिर का इतिहास लगभग 200 वर्ष पुराना है। प्रारंभ में माता रानी की पूजा एक मढ़िया में पीपल के पेड़ के नीचे होती थी। वर्ष 1930 के बाद जब यह क्षेत्र नई आबादी के रूप में विकसित हुआ, तब शुक्ला परिवार द्वारा इस स्थान को मंदिर निर्माण हेतु समर्पित किया गया।

### मंदिर निर्माण की प्रक्रिया

प्राप्त जानकारी के अनुसार 1952 में क्षेत्र के निवासी जैना बाई सुखराम मिस्त्री ने एक समिति बनाकर क्षेत्रवासियों के सहयोग से मंदिर निर्माण कार्य प्रारंभ किया। मंदिर में प्रमुख मूर्तियां तिवारी परिवार, अग्रवाल परिवार, चांडक परिवार एवं साहू परिवार द्वारा स्थापित की गईं।

प्राचीन काल में छिंदवाड़ा का प्रवेश द्वार होने के कारण बाहर से आने वाले यात्री पहले इस मंदिर में दर्शन कर नगर में प्रवेश करते थे। यहां यात्रियों के लिए रात्रि विश्राम और भोजन-पानी की व्यवस्था भी की जाती थी। आज भी मंदिर के माध्यम से विभिन्न सेवा कार्य किए जाते हैं।

### नवरात्रि महोत्सव एवं धार्मिक आयोजन

नवरात्रि के अवसर पर यहां भक्तों द्वारा बड़ी संख्या में मनोकामना कलश स्थापित किए जाते हैं। प्रथम दिन कलश स्थापना, पंचमी के दिन भव्य आरती, अष्टमी के दिन हवन पूजन एवं नवमी के दिन कन्या भोज एवं कलश विसर्जन का आयोजन होता है। प्राचीन काल से चली आ रही इस परंपरा के कारण मंदिर की देवी जी पर लोगों की गहरी आस्था है।

### मुख्य मूर्तियां एवं पूजन स्थल

मंदिर में मुख्य मूर्ति अंबा माई दुर्गा जी की है। साथ ही यहां शीतला देवी, अन्नपूर्णा देवी, गणेश जी, काल भैरव, संतोषी माता, शिवलिंग एवं हनुमान जी की भी स्थापना की गई है। पिछले 36 वर्षों से पंडित दयाराम दुबे मंदिर के पुजारी के रूप में सेवा दे रहे हैं। वर्तमान में प्रशासन द्वारा गठित ट्रस्ट के माध्यम से मंदिर का संचालन किया जा रहा

## जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह का सिंगोड़ी बायपास पर हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

जिला प्रभारी मंत्री राकेश सिंह का सिंगोड़ी भाजपा मंडल के द्वारा भव्य एवं जोरदार स्वागत किया गया। मंडल अध्यक्ष सोनू सरसवार ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग मंत्री एवं जिला छिंदवाड़ा के प्रभारी मंत्री श्री राकेश सिंह का आगमन हमारे ग्राम सिंगोड़ी में पहली बार हुआ है जिसमें भाजपा मंडल के सभी पदाधिकारियों एवं वरिष्टों के द्वारा फूल माला से बाजें गाजे आतिशबाजी के द्वारा सिंगोड़ी बाईपास पर भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर सैकड़ो की तादाद पर कार्यकर्ता एवं महिला कार्यकर्ता उपस्थित रही एवं प्रभारी मंत्री के समक्ष सिंगोड़ी ग्राम में डिवाइड बाईपास से लेकर बाईपास तक नाली एवं सुंदरीकरण की मांग रखी गई एवं पिछले उपचुनाव में भाजपा मंडल द्वारा मुख्यमंत्री के समक्ष कॉलेज बनाने की मांग रखी गई थी जिसका कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ करने की अपील की गई है।

## श्रीराम मंदिर में भव्य होगा श्रीराम जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

सिंगोड़ी के हृदय स्थल श्री राम मंदिर की में भव्य एवं आकर्षण होगा श्री राम जन्म महोत्सव का कार्यक्रम कार्यक्रम को लेकर समिति द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है छिंदवाड़ा के सुप्रसिद्ध संगीत कलाकारों के द्वारा 6 अप्रैल सुबह 10:00 बजे से सुमधुर राम भजन की गूंज सिंगोड़ी एवं समस्त क्षेत्र वासियों को सुनाई देगी, तदुपरांत ठीक 12:00 बजे हृदय स्थल श्री राम मंदिर में अमरवाड़ा विधायक राजा कुंवर कमलेश शाह अखंड ब्रह्मांड नायक मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र जी का विशेष पूजन अर्चन करेंगे श्री राम मंदिर आचार्य पुरोहित श्री सुनील द्विवेदी जी ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राजाधिराज ब्रह्मांड नायक भगवान श्री रामचंद्र जी का जन्मोत्सव भव्य एवं आकर्षण होगा राम जन्म महोत्सव पर विशेष महा आरती का सभी लाभ ले सकेंगे समस्त धर्म प्रेमी बंधुओ के लिए इस बार श्री राम मंदिर समिति के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन भी रखा गया है जिसका प्रारंभ राम जन्मों के बाद ठीक 1:00 बजे होगा भंडारे में सिंगोड़ी सहित आसपास क्षेत्र के लोग शामिल होंगे श्री रामनवमी पर्व विशेष पर राम मंदिर को सुंदर एवं आकर्षक रूप से सजाया गया है सुंदर तोरण द्वार लगाए गए हैं मंदिर के गर्भ ग्रह में शोभायमान श्री रामचंद्र जी का दरबार अत्यंत ही मनोहारी एवं अनुपम नजर आ रहा है प्रतिदिन श्रद्धालु भगवान श्री राम को शीश नवा कर मन वांछित फल की प्राप्ति हेतु प्रार्थना में लगे हुए हैंकार्यक्रम के समापन अवसर पर समिति के द्वारा सभी का आभार प्रदर्शन किया जाएगारात्रि कालीन कार्यक्रम के अंतर्गत ठीक 8:00 बजे विशाल शोभा यात्रा ग्राम में भ्रमण करेगी समिति द्वारा इसकी भव्य तैयारी की जा रही है।

### श्रीराम जन्मोत्सव पर निकाली जाएगी शोभायात्रा

**दमुआ।** मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम जी के जन्मोत्सव पर हिन्दू उत्सव समिति दमुआ की बैठक का आयोजन किया गया था बैठक मे सभी ने श्री राम नवमी पर्व धूमधाम से मनाये जाने को लेकर सभी उपस्थित जनो ने अपने अपने सुझाव रखे जहां प्रभु श्रीराम जी के जन्मोत्सव कार्यक्रम पर रूपरेखा तैयार कर आयोजन को भव्य रूप से मनाये जाने पर विशेष रूप से चर्चा की गई उत्सव समिति की बैठक श्री दुर्गा मंदिर गुजरी बाजार दमुआ परिसर में रखी गई थी श्री राम जन्मोत्सव पर जहां 6 अप्रैल दिन रविवार को रामनवमी के पावन अवसर पर दुर्गा मंदिर दमुआ मे सुबह 10 बजे से सुन्दर काण्ड पाठ का कार्यक्रम होगा और दोपहर 12 बजे से श्री राम जन्मोत्सव भी मनाया जावेगा फिर विशल शोभायात्रा झांकी भी निकाली जायेगी झांकी शोभा यात्रा पर प्रभु श्रीराम जी, मां सीता जी, लक्ष्मण जी, भरत जी, सुग्रीव जी, हनुमान जी सहित श्री रामनवमी की आकर्षक झांकी भी निकाली जा रही है उक्त अवसर पर दमुआ नगर को तोरन भगवा गेट द्वार साज सज्जा कर पूरे नगर को सजाया गया है। और जगह जगह स्वागत द्वार भी लगाये गये है और स्वागत सत्कार भी सभी का होगा उक्त शोभायात्र दुर्गा मंदिर दमुआ से नंदन ग्रारउन्ड में सभी एकत्रित होगे उसके बाद शोभायात्रा नंदन होते हुए माईनस दमुआ नं. 8 बेरियर क्षेत्र मेन रोड दमुआ होते हुए पुराना बस स्टेण्ड दमुआ दीन दयाल चौक दमुआ भोले की मढिया मंदिर बेरियर रोड मार्ग से होते हुए चिल्ड्रन पार्क मैदान दमुआ पहुंचेगी।

## श्रीरामनवमीं पर निकलेगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



नगर के श्रीराम मंदिर गुजरी चौक में लगभग 50 वर्षों से श्रीरामनवमी महोत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकलती है।इस वर्ष भी रविवार 6 मार्च को भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम रामचंद्र जी का प्रागट्य उत्सव मनाया जा रहा है। सुबह 7 बजे श्रीराम प्रभु की मंगल आरती होगी इसके बाद श्रीरामनाम सरकार (स्तंभ) का मस्तकाभिषेक तथा ठीक 9 बजे श्रीरामनाम सरकार की आरती होगी।इसके उपरांत संगीतमय भजन, कीर्तन एवं प्रवचन होगा। दोपहर को 12:00 बजे श्रीराम प्रागट्य उत्सव एवं आरतीप्रसाद होगा। संध्या 7 बजे की दर्शनारती के बाद भव्य शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए भगवान श्रीराम दरबार का रथ निकलेगा। यह शोभायात्रा नगर में भ्रमण करेगी। भगवान के स्वागत के लिए सडा-सिंचन, रंगोलिया, बंधन द्वार तोरण, स्वागत द्वार लगाएं अपने-अपने घरों के सामने दीपक जलाएं आरतीपूजन प्रसाद की व्यवस्था करें तथा झाकियां सम्मिलित करेंऐसा निवेदन श्रीराम मंदिर गुजरी चौक द्वारा जनता से किया गया है।

## कन्याओं को कपड़े, महिलाओं को दी साड़ियां

**परासिया ।** शुक्रवार 4/मार्च को उम्मीदों की उड़ान संस्था की डा मधु बत्रा के नेतृत्व में पगारा ग्राम के ढाना इंदिरा आवास कालोनी में निवासरत बालिकाओं एवं महिलाओं को संस्था की ओर से मिठाई , कपड़े और साड़ियों का वितरण किया गया । चैत्र नवरात्र के अवसर पर पगारा ग्राम के एक ढाने में जाकर परासिया की समाज सेवी संस्था उम्मीदों की उड़ान संस्था के पदाधिकारियों और सदस्यों ने कन्याओं को कपड़े और महिलाओं को साड़ी दी । इसके अलावा मिष्ठान , पठन - पाठन सामग्रियों का वितरण किया गया । ग्रामीण महिलाओं को संस्था की राज मुंगिया की ओर से साड़ियां वितरित की गई । डा मधु बत्रा ने बालिकाओं , महिलाओं से उनके स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर चर्चा भी की । इस दौरान डा मधु बत्रा ने अपने उद्बोधन में बालिकाओं , महिलाओं को स्वस्थ रहने के संबंध में महत्वपूर्ण बातों को समझाया । उड़न संस्था के उद्देश्यों की जानकारी दी । पगारा ग्राम के कन्या प्राथमिक विद्यालय पहुंचकर उपस्थित बालिकाओं को भी कपड़े मिष्ठान एवं पठन पाठन सामग्रियों का वितरण किया । इस कार्यक्रम में उड़ान संस्था के पदाधिकारी डा मधु बत्रा , अर्चना गुप्ता , राज मुंगिया , जेठूलाल सोनी , रिपोर्टर सोएब सिद्दीकी उपस्थित रहे ।



## डोला पांजरा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का किया श्रवण



**बिछुआ।** विकासखंड बिछुआ के ग्राम डोला पांजरा में ग्रामीणों के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कर पुण्य अर्जित किए,व्यासपीठ को नमन करते हुए भक्तों ने श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण आनंद पूर्वक लिया,इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवराम चौरसिया,वरिष्ठ नेता मारुति कोचे,बलवीर डेहरिया,विजेंद्र सिंह दीक्षित,गुड्डा पटेल,महेश पटेल,सरोज जंघेला,रजत वानखेड़े,सरपंच जितेंद्र मरकाम,रामकुमार वर्मा,सहित धर्मप्रेमी बंधु मातृशक्ति एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## पलटवाड़ा में शुरू हुई गेहूं की खरीदी

**परासिया।** शुक्रवार 4 अप्रैल को गेहूं खरीदी केंद्र पलटवाड़ा में गेहूं खरीदी का शुभारंभ किया गया । यह कार्यक्रम बड़े बाबा वेयर हाउस कपरवाड़ी में कृषक श्री लेखराम साहू , एस डी ओ ( कृषि ) परासिया पी एस उटटी , नोडल अधिकारी श्री परतेती , समिति प्रबंधक सतीश सोनी , केंद्र प्रभारी उदल मालवी , ऑपरेटर राजेश सूर्यवंशी , सर्वेयर विवेक सुलखिया , महिलाल सूर्यवंशी , हरीश साहू एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ ।



## बैगा मोहल्ले के अतिक्रमण को हटाने में प्रशासन असफल

**जगह खाली करने के लिए एक सप्ताह का दिया समय**

**रुसिया परिवार की भूमि पर लगभग 50 वर्षो से निवास कर रहे हैं बैगा परिवार**



**वारासिवनी।** नगर के वार्ड नबर 4 में स्थित बैगा मोहल्ला में रुसिया परिवार की भूमि पर वर्षो से निवास कर रहे बैगाओं को हटाने के लिए पहुँचा प्रशासन का अमला आज खाली हाथ वापस लौट गया। तहसीलदार इमरान मंसूरी के अनुसार अतिक्रमणकारी बैगाओं को एक सप्ताह का समय दिया गया है। जिस स्थान पर उन्हें विस्थापित करने का आश्वासन रुसिया परिवार द्वारा दिया जा रहा है, उस स्थान को अतिक्रमणकारी बैगाओं द्वारा देखने के बाद वहॉ पर बसने या नहीं बसने का फैसला लिया जायेगा। यदि वह वहॉ पर नहीं भी जाते है, तो एक सप्ताह बाद प्रशासन द्वारा उनका अतिक्रमण हटा दिया जायेगा।

### 50 से अधिक वर्षो से रह रहे हैं बैगा परिवार

विदित हो कि लगभग 50 वर्षो से वार्ड नबर 4 में रुसिया परिवार की खाली भूमि पर बैगाओं द्वारा मकान व झोपड़ी बना कर निवास किया जा रहा हैं। जिस पर वर्षो तक रुसिया परिवार के लोगों ने कुछ सुध नहीं ली। लेकिन पिछले वर्ष रुसिया परिवार की ओर से अपनी भूमि का सीमांकन तहसील कार्यालय में आवेदन लगा कर करवाया गया। जिसमें लगभग 20 व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमण कर कब्जा करने की बात सामने आई थी।

### तहसीलदार ने किया था कब्जा हटाने का आदेश

जिनको हटाने के लिए रुसिया परिवार द्वारा तहसील कार्यालय में आवेदन लगाया गया था। जिस पर तहसीलदार वारासिवनी द्वारा सुनवाई की गई। लेकिन भूमि पर निवास कर रहे बैगाओं की ओर से तहसीलदार की सुनवाई में कोई भी उपस्थित नहीं हुआ। जिस पर तहसीलदार द्वारा एक पक्षीय आदेश पारित कर भूमि पर से अतिक्रमण हटाने का वारंट जारी कर दिया गया। यह अतिक्रमण पिछले माह मार्च में ही हटाया जाना था, लेकिन उस समय कतिपय कारणों से कार्यवाही नहीं की गई।

### आज भी नहीं हटा पाए कब्जा

उसके बाद शुक्रवार को एक बार फिर प्रशासनिक अमला अतिक्रमण को हटाने के लिए सदल बल के पहुँचा। लेकिन बैगाओं के भारी विरोध के कारण अतिक्रमण को नहीं हटाया जा सका। वहीं रुसिया परिवार की ओर से उनसे बातचीत करने की बात कही गई।

### रुसिया परिवार स्वयं के व्यय पर शिवधाम मोहल्ले में दे रहा है भूमि

जानकारी अनुसार रुसिया परिवार की ओर से सभी 20 बैगा परिवारों को अपने स्वयं के व्यय पर ग्राम पंचायत वारा के शिवधाम मोहल्ले में भूमि लेकर विस्थापित करने की बात कही गई है। इसके साथ ही जिन अतिक्रमणकारियों को रुसिया परिवार भूमि दे रहा है, उन्हें वहॉ पर मकान बनाने के लिए शासन की योजना के तहत राशि भी स्वीकृत करवाने का आश्वासन उनके द्वारा दिया जा रहा हैं।

### बैगा शहर की भूमि छोड़कर ग्राम में नहीं जाना चाहते है

इस मामले में लगभग 50 वर्षो से अधिक समय से भूमि पर काबिज बैगाओं का कहना हैं कि हम पिछले 50 वर्षो से हम यहॉ पर निवास कर रहे है। हमारे बच्चे यही पर पैदा हुए और पढ़ लिख रहे है। हम इस स्थान को छोड़कर ग्रामीण क्षेत्र में नहीं जाना चाहते हैं। वहॉ जाने पर हमारे बच्चों का भविष्य खराब हो जायेगा।

फिलहाल तो प्रशासन ने बैगाओं को एक सप्ताह का समय दिया हैं, अब देखना यह हैं कि बैगा लोग रुसिया परिवार की बात को मानते हैं या नहीं? और यदि नहीं मानते हैं, तो प्रशासन इन 20 परिवारों को किस प्रकार से विस्थापित कर कहॉ पर बसाता है।

## भाजपा नगर मंडल वारासिवनी की नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का हुआ समान

**दायित्वों को निभाने की दी गई सलाह**





**वारासिवनी।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल वारासिवनी के नवनियुक्त पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों और बूथ कमेटी अध्यक्षों का समान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा, वरिष्ठ नेता कन्हैयालाल नगपुरे, वारासिवनी जनपद पंचायत पूर्व अध्यक्ष किशोर अमूले, जिला मंत्री किरण शर्मा, जिला महिला मोर्चा पूर्व अध्यक्ष निर्मला पटले व पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें पार्टी के विकास और जनसेवा के कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### मोर्चा, प्रकोष्ठ में मिलेगा अन्य को दायित्व

इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल ने पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप का पद आपका दायित्व है, आपको पार्टी के बताये दिशा निर्देशों को बूथ स्तर तक पहुँचाना है। जिन लोगों को पद नहीं मिला हैं, उन्हें युवा मोर्चा, किसान मोर्चा, महिला मोर्चा सहित अन्य प्रकोष्ठों में होने वाली नियुक्तियों में स्थान दिया जायेगा।

### नयी कार्यकारिणी युवा जोश और अनुभव का है संगम

भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा ने कहा कि नवनियुक्त पदाधिकारियों में युवा जोश और अनुभव का संगम है। यह नई टीम पार्टी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी और जनता की सेवा में तत्पर रहेगी। उन्होंने पार्टी द्वारा आयोजित एक माह के कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी देकर सभी से इस दिशा में कार्य करने के लिये कहा।

### प्रत्येक चुनाव में भाजपा को विजय दिलाने कार्य करे- निर्मला पटले



भाजपा महिला मोर्चा पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीमती निर्मला पटले ने पदाधिकारियों से कहा कि हमें प्रत्येक चुनाव में भाजपा को विजय दिलाने की दिशा में कार्य करना है। उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर काम करने और जनता के बीच पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को पहुंचाने का आह्वान भी किया। सम्मान समारोह में नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे पार्टी के लक्ष्यों को पूरा करने और जनता की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ेगे। कार्यक्रम में बुदबुदा मंडल अध्यक्ष वेदप्रकाश पटेल, नगरपालिका पूर्व अध्यक्ष आलोक खरे, भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन सुनील पिपरेवार के द्वारा कुशलता के साथ किया गया।

### नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का किया गया समान

समान समारोह में नई कार्यकारिणी संदीप मिश्रा अध्यक्ष, श्रीमती सीमा देव्हारे, किशोर बंसोडकर, सुजाता डहरवाल, दीपक जैन, किशोर बंसोडकर, जगदीश नेमा, सुनील पिपरेवार, टिकेश्वरी राहंगडाले, निपेन्द्र पटले, डॉ. अमन खोसला, जितेन्द्र सुलाखे, श्रीति पालेवार, डॉ. मोनिका सोनेकर, नंदकिशोर पांडे, मयंक मिश्रा, मिथलेश बुर्डे, संतोष आडे, जयवंता पंचेश्वर, पुनीत सोनबिरसे, रामकली टेकाम, एन एल उपराडे, राधेश्याम भोयर, लक्ष्मीनारायण डेकाटे, शुभम जैन, आनंद बिसेन, प्रेमलता कनोजिया, विनिता चौबे, अरमान खान, श्रीमती अर्चना पारधी सहित उपस्थित सभी पदाधिकारियों का समान किया गया।

## हंगामे के बीच हुए दिगबर जैन कमेटी की नवीन कार्यकारिणी के चुनाव

वारासिवनी

दिगबर जैन पंचायत कमेटी वारासिवनी की नवीन कार्यकारिणी का चुनाव भारी हंगामे के बीच सपन्न हुआ। जिसमें डेढ़-डेढ़ वर्ष के लिए अध्यक्ष का चुनाव किया गया। समाज के लोगों ने सर्वसमति से मुकेश मॉडल को अध्यक्ष चुना, जो डेढ़ वर्ष तक पद पर बने रहेगे, उसके बाद प्रदीप जैन पायल आगामी डेढ़ वर्षो के लिए अध्यक्ष पद का दायित्व सहालेगे।

### बैठक में बनी गाली गलौच व मारपीट की स्थिति

दिगबर जैन पंचायत कमेटी के पदाधिकारियों के चुनाव के लिए दिगबर जैन मंदिर में समाज की बैठक आहूत की गई थी। बैठक में नये पदाधिकारियों के चुनाव के पहले ही समाज के लोगों और पुराने पदाधिकारियों के बीच गरमागरम बहस शुरु हो गई। बताया जाता हैं कि बैठक में गाली गलौच और मारपीट की स्थिति निर्मित हो गई थी। जिसे देखते हुए कुछ सदस्यों द्वारा पुलिस थाने में फोन कर पुलिस कर्मियों को बुलवा लिया गया।

### पुलिस ने मंदिर परिसर में पहुँच कर सहाला स्थिति को

सूचना पर वारासिवनी पुलिस थाने से पुलिस कर्मी दिगबर जैन मंदिर पहुँचे और वहॉ पर उत्पन्न अप्रिय स्थिति को सहाला। मंदिर परिसर में हुए इस हंगामे, बहस और पुलिस के मंदिर परिसर में पहुॅचने की खबर नगर व जैन समाज में आग की तरह फैल गई थी। आखिरकार पुलिस के हस्तक्षेप के बाद बैठक में उत्पन्न अप्रिय स्थिति किसी प्रकार टल गई और फिर उसके बाद समाज के सदस्यों द्वारा नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का सर्वसमति से चयन किया गया।

## श्रमिकों के उत्तराधिकारियों को मिलेगी एक करोड़ 56 लाख रुपये अनुग्रह राशि- पुष्पा अमूले

**वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में निवासरत 74 श्रमिकों की मृत्यु उपरांत उनके उत्तराधिकारियों को मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के तहत एक करोड़ 56 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि प्रदान की जायेगी। इस आशय की जानकारी देते हुए जनपद पंचायत वारासिवनी की उपाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा किशोर अमूले ने बताया कि मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के तहत संबल कार्डधारी को 5 हजार रुपये अंत्येष्टी सहायता एवं सामान्य मृत्यु पर 2 लाख रुपये तथा असामान्य मृत्यु पर 4 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि श्रमिक की मृत्यु के बाद उसके उत्तराधिकारी को स्वीकृत की जाती हैं। मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा आर्थिक असुरक्षा से जूझते असंगठित श्रमिक बहन, भाईयों की बेहतरी के लिए उन्हें आर्थिक विकास के साथ ही सामाजिक बेहतर, उनके बच्चों को अच्छी शिक्षा तथा अन्य सुविधाएॅ देने के लिए योजनाओं का प्रभावी अमल किया जा रहा हैं।

### इनको मिलता हैं योजनाओं का ला

श्रीमती अमूले ने बताया कि इस योजना में शामिल होने के लिए असंगठित श्रमिक का पंजीयन होना अनिवार्य हैं। जिसमें कृषि मजदूर, लघु कृषक, घरेलू श्रमिक, फेरी लगाने वाले श्रमिक, मछली पालन श्रमिक, पत्थर तोडने वाले, पक्की ईट बनाने वाले, गोदामों में काम करने वाले, मोटर परिवहन, हाथकरघा, पावरलूम, रंगाई, छपाई, सिलाई, अगरबत्ती बनाने वाले, चमड़े की वस्तुएॅ और जूते बनाने वाले चर्मकार, आटो रिक्शा चालक, आटा, तेल, दाल तथा चॉवल मिलों में काम करने वाले, लकड़ी का काम करने वाले, बर्तन बनाने वाले कारीगर, लुहार, बढ़ई, फर्नीचर तथा माचिस, आतिशबाजी उद्योग में लगे श्रमिक, प्लास्टिक उद्योग, निजी सुरक्षा एजेंसी में काम करने वाले, कचरा बीनने वाले, सफाई कर्मी, हमाल, तुलावटी, गृह उद्योग में नियोजित श्रमिक को मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार एवं उनके मुखिया डॉ. मोहन यादव द्वारा विभिन्न सहायता प्रदान की जा रही हैं। जिसमें गर्भवती महिला को 16 हजार रुपये, श्रमिक की मृत्यु पर 2 लाख रुपये, असामान्य मृत्यु पर 4 लाख रुपये, ई रिक्शा, हाथ ठेला वालों को 5 प्रतिशत अनुदान पर ब्याज तथा 30 हजार रुपये की सब्सिडी दी जाती हैं।

### इन 74 हितग्राहियों को मिलेगा लाभ

श्रीमती अमूले ने कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से जनपद पंचायत वारासिवनी के 74 हितग्राहियों के खाते में एक करोड़ 56 लाख रुपये की राशि अंतरित की हैं। जिसमें ग्राम पंचायत बघोली व बुदबुदा के 5-5, अंसेरा, लड़सड़ा, लालपुर व लिंगमारा के 4-4, उमरवाड़ा, एकोड़ी, पूनी, बकेरा, बोदलकसा, मुरझड़ व कायदी के 3-3, कासपुर, आलेझरी, कोचेवाही, कोस्ते, डोके,खंडवा, खापा, रामपायली, गटापायली, गर्रा, चंगेरा, झाडगॉव, डोंगरगॉव, डोंगरमाली, डोरली, रमरमा, नरोड़ी, सिकन्द्रा, वारा, सावंगी के 2-2, सिंगोड़ी के हितग्राही शामिल हैं। जिन्हें 2-2 लाख रुपये और सचिन भीमटे मुरझड़, ओमकार लिल्हारे पूनी, लखन कोहरे दिनेरा एवं जुमेन्द्र उइके डोके को 4-4 लाख रुपये की राशि खाते में अंतरित की गई हैं।

**खबर संक्षेप**

### फांसी के फंदे पर लटका मिला उमा का शव

**सिवनी।** जिले के घंसौर थाना क्षेत्र के मेहता गांव में उमा चढ़ार (22) का शव उनके घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, जब परिवार के सदस्य घर से बाहर गए थे, उमा घर पर अकेली थी। वापस लौटने पर परिजनों ने घर का दरवाजा बंद पाया। जब दरवाजा खोला गया तो उमा का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। दिघरा गांव की रहने वाली उमा का विवाह एक साल पहले मेहता निवासी सोनू चढ़ार के साथ हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही घंसौर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पंचनामा की कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घंसौर एसडीओपी नम्रता सोंधिया ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है।

### सडक़ हादसे में युवक की मौत

**सिवनी।** धनोरा से पिपरिया जाते समय एक युवक की सडक हादसे में मौत हो गई। मृतक की पहचान देवेंद्र बकोड़े के रूप में हुई है। वह पंचम बकोड़े के पुत्र हैं। घटना पिपरिया नाई रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास रात को हुई। देवेंद्र बाइक से धनौरा से पिपरिया जा रहे थे। इसी दौरान कहानी की तरफ से आ रहे डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में देवेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई।

## गुणवत्ताविहीन निर्माण कार्य को कर रहा उजागर

# रोशान नदी के पुल में हुआ गड्ढा, हो सकता हादसा

**जिले के केवलारी विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मैरा में बना पुल इन दिनों निर्माण के दौरान हुई अनियमितता, गुणवत्ताविहीन निर्माण एवं भ्रष्टाचार को उजागर करता प्रतीत हो रहा है। उक्त पुल चंद दिनों में ही धंसने लगा है जिससे मैरा-रोशान मार्ग पर आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

उल्लेखनीय होगा कि मैरा गिट्टी खदान के समीप रोशान नदी पर लोगों के आवागमन को ध्यान में रखते हुए लाखों रूपये की लागत से पुल का निर्माण कार्य कराया गया, निर्माण कार्य के दौरान भी कई बार निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर स्थानीय जनों के द्वारा सवाल उठाये गये, लेकिन इसके बाद भी संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया और ठेकेदार द्वारा मनमाने ढंग से संबंधित विभाग के तकनीकी अमले से मिलीभगत कर घटिया निर्माण को अंजाम देते रहा और पुल बनकर तैयार हो गया।

मैरा गिट्टी खदान से रोशान नदी पर बने पुल से आवागमन प्रारंभ होने के कुछ ही महीनों के बाद अचानक पुल के बीच का हिस्सा धंस गया, जिससे सडक़ पर बड़ा गड्ढा बन गया है। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर बड़े वाहनों की आवाजाही उक्त पुल के ऊपर से बंद कर दी है, लेकिन छोटे वाहन चालक अब भी जान-जोखिम में डालकर यहा से वाहन के साथ गुजर रहे है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पुल निर्माण में जानबूझकर घटिया सामग्री का उपयोग किया गया, ताकि भविष्य में मर मत के नाम पर शासन का पैसा निकाला जा सके। ठेकेदारों और अधिकारियों की मिलीभगत के कारण जनता को इस भयावाह स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। हर साल बारिश के मौसम में गुणवत्ताविहीन निर्माण कार्यों की पोल खुलते रही है। कई ऐसे गुणवत्ताविहीन कमजोर पुल तास के पत्तों की तरह बारिश के पानी में बह गये। इन्ही में रोशान मार्ग का यह पुल भी शामिल है जो निर्माण के चंद महीनों में ही धसने लगा। स्थानीय ग्रामीणों की माने तो इस पुल के निर्माण में शुरुआत से ही गुणवत्ता से समझौता किया गया था। संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया, जिसके कारण यह पुल चंद महीनों में ही धराशायी हो गया। पुल निर्माण के दौरान कई अनियमितताओं की शिकायतें आई थीं, लेकिन प्रशासन ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। अब जब पुल गिर चुका है, तो अधिकारी सिर्फ आश्वासन दे रहे हैं।

**इनका कहना है-**

हमने सोचा था कि ये पुल हमारे गांव के लिए एक बड़ी सुविधा बनेगा, लेकिन ये तो कुछ ही समय में गिर गया। साफ है कि इसमें घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल हुआ है। जो भी अधिकारी या ठेकेदार जि मेदार हैं, उन पर केस दर्ज होना चाहिए। साथ ही जल्द से जल्द नया और मजबूत पुल बनाया जाए, ताकि गांव वालों को कोई परेशानी न हो।
**दुर्गेश पटेल, ग्रामीण**

सरकार और ठेकेदारों की लापरवाही का नतीजा है ये। लाखों करोड़ों रुपए खर्च हुए लेकिन कुछ ही समय में पुल टूट गया।हर बार ऐसा ही होता है, जांच के नाम पर फाइलें बनती हैं और बाद में सब ठंडे बस्ते में चला जाता है।
**दर्शनलाल राय, ग्रामीण**

हां, हमारे द्वारा एवं गांव के कुछ लोगों ने अधिकारियों को शिकायत की थी कि निर्माण के दौरान घटिया सामग्री लग रही है, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया।
**रमा पटेल, ग्रामीण**

हमने जब ठेकेदार से पूछा तो उसने कहा कि सबकुछ सही तरीके से हो रहा है, लेकिन अब देखिए क्या हाल हो गया। इस पुल से होकर कई गांवों के लोग बाजार और अस्पताल जाते थे, अब हमें लंबा रास्ता लेना पड़ रहा है।बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल हो गया है, और बारिश में तो हालात और खराब हो जाएंगे। हम चाहते हैं कि इसकी जांच हो और दोषियों पर स त कार्रवाई की जाए।
**बसंत ठाकुर, ग्रामीण।**



# दो वर्षीय तेन्दुआ का मिला शव

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** दिनांक 02.04.2025 की रात्रि को पेंच टाईगर रिजर्व सिवनी के वन परिक्षेत्र घाटकोहका (बफर) अंतर्गत नियमित रात्रि पैदल गश्ति के दौरान गश्ति दल द्वारा ग्राम परासपानी के निकट खेत के कुएं चैक किये जा रहे थे, इसी दौरान रात्रि लगभग 11 बजे, ग्राम परासपानी के निकट खेत के कुएं में एक वन्यप्राणी तेन्दुआ आयु लगभग 02 वर्ष मृत अवस्था में दिखाई दिया। गश्ति दल द्वारा यह सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई एवं वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त निर्देशानुसार घटना स्थल पर गश्ति दल द्वारा मृत तेन्दुआ की सुबह तक निगरानी की गई। सुबह लगभग 06रू00 ।ड बजे वरिष्ठ अधिकारी एवं डॉग स्क्वाड घटना स्थल पर पहुचे, घटना स्थल का निरीक्षण में पाया कि कुएं में लगभग 15 फिट पानी भरा है, सूक्ष्मता से निरीक्षण करने पर कुएं के आंतरिक दीवारों पर नाखूनों के खरोंच के निशान पाये गये तथा कुएं के अंदर लगे मोटर पंप के पाईप पर भी नाखूनों के खरोंच के निशान पाये गये। प्रथम दृष्टिया यह प्रतीत हुआ कि तेन्दुआ द्वारा कुएं से बाहर निकलने के प्रयास किया गया, जिससे कुएं की आंतरिक दीवारो पर नाखून के खरोंच के निशान बने। घटना स्थल के आस-पास डॉग स्क्वाड द्वारा सूक्ष्मता से निरीक्षण किया गया जिसमें किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि नही पाई गई। घटना स्थल की फोटोग्राफी एवं विडीयोग्राफी की गई, तत्पश्चात मृत तेन्दुएं को कुएं से बाहर निकाला गया। मृत पाये गये तेन्दुआ का पोस्टमार्टम डॉ. अखिलेश मिश्रा वरिष्ठ वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा किया गया।

# विधायक रजनीश सिंह हुये भागवत पुराण में सम्मिलित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

केवलारी विधायक रजनीश हरवंश सिंह ने भागवत कथा के आयोजन में सहभागिता किया। शुक्रवार को केवलारी विधायक ठा. रजनीश हरवंश सिंह ने केवलारी विधानसभा क्षेत्र के उगली ब्लॉक के ग्राम उगली, उगली बंजारी, अरंडिया, भरवेली में देवी भागवत महापुराण कथा के आयोजन में सम्मिलित होकर सहभागिता किया। सर्वप्रथम देवी भागवत कथा के आयोजन में सम्मिलित होकर विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह ने व्यासपीठ का पूजन कर कथा व्यास महाराज श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया। तदोपरांत विधायक रजनीश हरवंश सिंह जी ने अमृतमयी देवी महापुराण कथा का श्रवण पान कर धर्म लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर ग्रामवासियों के द्वारा विधायक रजनीश हरवंश सिंह जी का आतिशबाजी एवं ढोल बाजे व मंगल कलश रखकर विधायक जी का आत्मीय स्वागत किया। तदोपरांत विधायक ठा. रजनीश हरवंश सिंह ने ग्राम पंचायत बागड़ोंगरी में स्वीकृत सामुदायिक भवन का भूमि पूजन किया।

इस अवसर पर साथ ही ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र राज पप्पू ठाकुर जी,जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष साबिर अंसारी जी,जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गायत्री वीरेंद्र राज पप्पू ठाकुर जी, मंडलम अध्यक्ष गुलाब कवास जी,संतोष ठाकुर जी,सेक्टर अध्यक्ष ललित बिसेन जी, बाबू लाल बिसेन जी,इमरान अंसारी जी, शाह सिंह उइके जी, अशोक शांडिल्य जी, जनपद सदस्य दुर्गेश नागेश्वर जी, वरिष्ठ दिलीप बिसेन जी,शिवदयाल सोनी जी समेत क्षेत्रीय धर्म प्रेमी बंधुओं की उपस्थिति रही।

# वक्फ बोर्डों की पारदर्शिता और जवाबदेही के लिए वक्फ संशोधन विधेयक की जरूरत थी, लोकसभा में बिल पास स्वागत योग्य कदम है -सूफी मंज़ूर रज़ा क़ादरी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 के मुस्लिम समुदाय के अधिकारों का अतिक्रमण करने के आरोपों का खंडन करते हुए सूफी समाजिक कार्यकर्ता सूफी मंजूर रजा क़ादरी ने कहा कि प्रस्तावित कानून वक्फ बोर्डों में अत्यंत आवश्यक पारदर्शिता और जवाबदेही लाएगा।

पिछले साल पेश किए जाने के बाद, वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 को द्विदलीय समर्थन हासिल करने के प्रयास में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजा गया था। सरकार का दावा है कि प्रस्तावित संशोधन वक्फ बोर्डों द्वारा नियंत्रित संपत्तियों की घोषणा और विनियमन को सुव्यवस्थित करेंगे। विपक्षी दलों ने विधेयक का विरोध करते हुए इसे मुस्लिम अधिकारों पर अतिक्रमण बताया है। मंजूर रजा क़ादरी ने कहा,कुछ लोगों का मानना है कि इन संशोधनों की कोई आवश्यकता नहीं है और सरकार की मंशा के बारे में दुष्प्रचार किया जा रहा है, लेकिन वक्फ बोर्ड की स्थापना के पीछे की मंशा को जवाबदेही और पारदर्शिता के साथ पूरी तरह से समझने के लिए इन परिवर्तनों की आवश्यकता है। दुरुपयोग और भाई-भतीजावादमंजूर रजा क़ादरी ने विधेयक का मजबूती से बचाव करते हुए कहा,वक्फ बोर्ड की स्थापना वंचित मुसलमानों की सहायता के लिए की गई थी, लेकिन इसके बजाय बोर्ड का दुरुपयोग कुछ लोगों की जेब भरने के लिए किया जा रहा है। उदाहरण के लिए, दिल्ली में पूर्व प्रमुख अमानतुल्ला खान ने इमामों को वेतन नहीं दिया, जिसे अंततः दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने आवंटित करना सुनिश्चित किया। विधवा पेंशन रोक दी गई और धन कैसे खर्च किया जाता है, इसकी पारदर्शिता से संबंधित मुद्दे भी सामने आए। यहां



तक कि प्रमुख के मित्रों और रिश्तेदारों की नियुक्तियां भी की गईं। उन्होंने कहा, ऐसे कई लोग हैं जो महसूस करते हैं कि वक्फ बोर्ड को समान विचारधारा वाले लोगों के एक समूह द्वारा चलाया जा रहा है। उचित दस्तावेज के साथ उचित पहचान सुनिश्चित करने के लिए वक्फ संपत्ति के सर्वेक्षक के रूप में कलेक्टर की विशिष्ट भूमिका की आवश्यकता है। प्रशासन के शामिल होने से उचित प्रक्रिया का पालन किया जाएगा और दस्तावेजों को बनाए रखा जाएगा।

वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 में प्रस्ताव किया गया है कि जिला कलेक्टर या उनके द्वारा नामित व्यक्ति (डिप्टी कलेक्टर के पद से नीचे का नहीं) को वक्फ संपत्ति का सर्वेक्षण करने का अधिकार दिया जाए। विधेयक में एक केंद्रीकृत पोर्टल के माध्यम से वक्फ संपत्ति के पंजीकरण, वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्डों की एक व्यापक संरचना, जिसमें गैर-मुस्लिम और महिला सदस्य शामिल हैं, के साथ-साथ राजस्व कानूनों के अनुसार संपत्ति के म्यूटेशन के लिए एक विस्तृत प्रक्रिया और किसी भी संपत्ति को वक्फ संपत्ति के रूप में वर्गीकृत करने से पहले सभी संबंधितों को उचित सूचना देने का प्रावधान भी किया गया है।

मध्यप्रदेश सहित सिवनी जिले में वक्फ संपत्तियों दरगाह मियां मोहम्मद शाह वली 372 एकड़ भूमि जो भारी भ्रष्टाचार कर मुस्लिम समुदाय को कोई फायदा नहीं हुआ आज तक जबकि दरगाह सूफी साहब वक्फ संपत्तियों को भी खुर्द-बुर्द कर दिया गया है और राज्य परिवहन मुस्लिम कब्रस्तान वक्फ संपत्ति को भी राज्य सरकार द्वारा अधिकृत किया गया है ऐसे सैंकड़ों वक्फ संपत्तियों के मामले सिवनी जिले सहित पूरे प्रदेश एवं देश में थे जो अब वक्फ संसोधन बिल लोकसभा में पास कर पिछड़े पसमांदा मुस्लिम समाज को सम्मान और हक़ देने की कोशिश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी केंद्र सरकार द्वारा वक्फ संसोधन बिल लोकसभा में पास कर स्वागत योग्य कार्य किया है। सूफी समाजिक कार्यकर्ता सूफी मंजूर रज़ा क़ादरी आतंकवाद विरोधी संगठन राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सिवनी मध्यप्रदेश इंडिया।

# पेयजल की समस्या को लेकर नपा अध्यक्ष, सीएमओ ने किया गया सुआखेडा प्लांट का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

नगर पालिका अध्यक्ष शफीक खान, मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुश्री दिशा डहेरिया, जलकर सभापति चंदन खताबिया, स्वास्थ्य सभापति राजिक अकील एवं शीबू सेंगर द्वारा बंडोल सुआखेडा प्लांट का निरीक्षण किया गया है। विदित होवे कि वर्तमान में भीमगढ जलाशय मे पानी की मात्रा कम हो चुकी है जिससे आगामी ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो सकती है। जिसे ध्यान में रखते हुए आज दोपहर नगर पालिका अध्यक्ष एवं सीएमओ द्वारा निरीक्षण किया गया एवं नगर में जलापूर्ति की व्यवस्था सुचारू रूप से जारी रहे जिसके लिये कार्ययोजना बनाई गई।

### गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत किया जा रहा जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनजीवन का कार्य

प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले में कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन .अभियान के नगरीय क्षेत्रों में . जलस्त्रोतों तथा नदी, कुंओं, तालाबों, बावडियों सहित अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, साथ ही इस अभियान जनसमुदाय को जोडने के लिए जागरूकता रैली और दीवार लेखन जैसी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नगर पालिका परिषद सिवनी द्वारा वाहन रैली का आयोजन किया गया है जो स्थान मठ मंदिर से आरंभ होकर छिंदवाड़ा चौक होते हुए नगर पालिका चौक से बड़ा मिशन ग्राउंड में समाप्त हुई रैली के माध्यम से जल ही जीवन है।

### मेरिट लिस्ट प्रथम स्थान प्राप्त किया बरीरा कौशर ने



**सिवनी।** बरीरा कौशर पिता मुकतादिर अहमद छपारा निवासी की सुपुत्री बरीरा कौशर 8 वी कक्षा में 84,5 अंक प्राप्त कर मैरिट लिस्ट में 1 नम्बर पर पास हुई बरीरा कौशर मिशन स्कूल छपारा की छात्रा है, इस मौके पर धार्मिक धर्म गुरु हाफिज़ मुकतादिर अहमद अशरफ़ी साहब की सुपुत्री बरीरा कौशर को हार्दिक शुभकामनाएं मुबारकबाद देते हुए आपके उज्जवल भविष्य की कामना आपके परिवार के अम्मी अब्बू के साथ समाजिक कार्यकर्ता सूफी मंजूर रज़ा क़ादरी राष्ट्रीय हाफिज़ अब्दुल वाहिद अशरफी हाफिज़ गुलाम गौस साहब इंजिनियर समीर कुरैशी पप्पू उस्मानी फय्याज कुरैशी छोटू पाषर्द अकील अहमद सरकार हादी अहमद बाबा भाई बोरदई अहमद हुसैन बाबा भाई।

### कौमी एकता कमेटी द्वारा किया गया रक्तदान

दिनांक 2/ 4/ 2025 को कौमी एकता कमेटी अध्यक्ष असलम बाबा को जानकारी दी गई की अब्दुल वाहिद निवासी जनता नगर जो जिला चिकित्सालय में भर्ती है। डॉक्टर ने बताया कि इनके शरीर में बहुत कम बल्ड होने की बिना पर इन्हें



तत्काल बल्ड लगना आवश्यक है परिवार बल्ड के लिए परेशान हो रहा है असलम बाबा ने उनके परिवार के सदस्यों से मिलकर उन्हें बल्ड देने के लिए कहां की बल्ड देते रहने से बल्ड शरीर में काम नहीं होता। हमारे शरीर में नया बल्ड बनकर तैयार होता है । इसलिए हमेशा हमें रक्तदान करते रहना चाहिए और लोगों को भी रक्तदान करने के लिए जागरूक किया। रक्तदान से बड़ा और कोई दान नहीं होता। हमें आगे आने की जरूरत है। असलम बाबा की बात सुनकर उनके परिवार में उनके बेटे ने अपने पिता के लिए रक्तदान किया

# धूमावती के धाम में उमड़ रही भक्तों की भीड़

### श्रद्धालुओं ने स्थापित किये मनोकामना कलश,जवारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

माँ काली धूमादेवी मंदिर जो कि ग्राम धूमा मे स्थित है। भगवती धूमा देवी यहाँ पर चर्तुभुजा स्वरूप में सिंह में सिंघा के ऊपर सवार होकर पूर्वाभिमुख विराजमान हैं। जहाँ स्थानीय एवम अन्यत्र भक्तजनों द्वारा अपनी मनोकामना पूरी होने पर मंदीर प्रांगण मे मनोकामना कलश जलाये एवम जवारे बोये जाते है

**मंदिर का पुराना इतिहास**

इस संबंध में ग्वालियर अभिलेखागार में पिछले समय में पता किया तो सजलवी शताब्दी में भी मंदिर होने का प्रमाण है, पर यह और कितने पुराने हैं इसका उल्लेख नहीं है।- भगवती धूमा देवी की



आराधना करने से धन धान्य समृद्धि की प्राप्ति होती है। भक्तजन यहाँ दूर-दूर से माँ की कृपा पाने के लिये आते हैं अपनी श्रद्धा अनुसार तेल, घी की ज्योति हर नव दुर्गाउत्सव में स्थापित कराते हैं। - इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु माँ धूमादेवी न्यास समीति धूमा कार्यरत है। वर्तमान में 487 ज्योति कलश की स्थापना हुई है। लगभग 500 कलश प्रति वर्ष स्थापति होते है। सात अंखड ज्योति भी लगभग बीस वर्षे से निरंतर जल रही है। - माता का विग्रह महाविद्या धूमावती का नहीं है उनके विग्रह का वर्णन निम्नानुसार है। विवर्णा चंचला दुष्ठा दीर्याच मलिनाम्बरा विमुक्त कुन्तला रुद्रा विधवा विरलद्विजा काळध्वज रथारूढ़ा बिलम्बित पयोधरा सूर्य हस्तातिरुक्षा च धूत हस्ता वरानना । संक्षेप में कौओ के ध्वजावाली, रथ मे सवार, हाथ में सूयालिये मैले वस्त्र धारण किये विधवारूप का वर्णन किया गया है। अतः भगवती जगतजननी माँ काली धूमादेवी काली रूप के दर्शन के लिए देश के अनेकों प्रान्तो से भक्त बड़ी संख्या मे माता के दर्शन को पहुँचते हैं नव रात्रि महा पर्व पर यहाँ की साज सज्जा का देखते बनती हैं।

## खाद्य विभाग द्वारा लिए गए जांच हेतु विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने

# प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों को गुणवत्तायुक्त मानक खाद्य सुरक्षा संबंधी विभिन्न पहलुओं से कराया जा रहा अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा श्री संदीप यादव के निर्देशानुसार संपूर्ण प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर विक्रय किए जाने वाले विभिन्न जंक फूड, स्ट्रीट फूड एवं फास्ट फूड की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संपूर्ण माह अप्रैल में व्यापक स्तर पर विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर विभिन्न खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जाँच अभियान तथा प्रशिक्षण सह जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।



इसी परिपेक्ष्य में कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग, सिवनी जांच दल द्वारा 03 अप्रैल को चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से सिवनी शहर स्थित विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने गुणवत्ता जांच हेतु संग्रहित किए गए एवं प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों को गुणवत्तायुक्त मानक खाद्य सुरक्षा संबंधी विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया। साथ ही जांच दल द्वारा आमजनों को स्वस्थ, साफ एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य सामग्री उपभोग करने संबंधी जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से बबरिया रोड स्थित एटमॉस्फेयर रेस्टोरेंट, बाहुबली चौक स्थित सुभाष फास्ट फूड, अभिनंदन रेस्टोरेंट एवं कोहिनूर रेस्टोरेंट से वेज पुलाव, मंचूरियन राइस, टोमेटो वेज नूडल्स, पनीर के नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए। इसी कड़ी में विगत 2 अप्रैल को बुधवारी बाजार स्थित गुड फूड रेस्टोरेंट एवं श्री नाथ चाट भंडार से वेज नूडल्स, मीठी चटनी, आइसक्रीम के नमूने संग्रहित किए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती सोनू तिवारी ने बताया कि जंक फूड, स्ट्रीट फूड एवं फास्ट फूड के प्रति लोगों में अत्यधिक लगाव होने के कारण इन प्रतिष्ठानों में निर्मित किए जाने वाले फास्ट फूड में मोनोसोडियम ग्लूकोमेट, फूड एडिटिव फूड कलर तथा बेकरी प्रोडक्ट में उपयोग आने वाले हानिकारक तेल के उपयोग को कम करने तथा स्वस्थ गुणवत्ता युक्त खाद्य सामग्री निर्मित करने के लिए यह अभियान सिवनी जिले में चलाया जा रहा है।उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार जंक फूड, स्ट्रीट फूड एवं फास्ट फूड में अत्यधिक फूड एडिक्ट, आर्टिफिशियल फ्लेवर होते हैं जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं।

# 8-9 दिन में 150 किसान पहुंचे, 1439 टन गेहूं बेचा

**सिवनी । जिले में गेहूं उपार्जन 17 मार्च से प्रारंभ हो गया है। 2 अप्रैल बुधवार तक 17 दिनों में पंजीकृत 41350 किसानों से मात्र 150 किसानों ने केंद्रों में पहुंचकर 1439 मीट्रिक टन गेहूं बेचा है। हालाकि 4388 किसानों ने समर्थन मूल्य पर स्लाट बाबुकिंग कराई है। आगामी दिनों में गेहूं उपार्जन में तेजी जाएगी। 76 में से अब तक मात्र 15 केंद्र ही एक्टिव हो सकें। अधिकांश केंद्रों में किसान गेहूं लेकर पहुंचने की तैयारी कर रहे है। नवरात्र के बाद किसानों के केंद्र पहुंचने की संख्या में बढ़ोत्तरी होगी।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

वहीं मंगलवार को जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ देर हुई वर्षा के कारण से कटाई व उपज लेकर केंद्र पहुंचने वाले किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा। माँग को देखते हुए कलेक्टर संस्कृति जैन ने सुबह 8 बजे से उपार्जन केंद्र प्रारंभ कर किसानों की उपज का तौल करने के निर्देश विपणन कार्य में लगे विभागीय अधिकारियों को दिए हैं। किसानों से 2425 रुपये समर्थन मूल्य व बोनस 175 रुपये कुल 2600 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से सरकार गेहूं उपार्जित कर रही है। मात्र 10 केंद्र समिति स्तर पर बनाये गए हैं। शेष 66 का संचालन गोदाम स्तर पर किया जा रहा है।

गत दिवस चंदौरीकलां, बांकी, गुढी में गेहूं उपार्जन कार्य का शुभारंभ किया गया। गेहूं उपार्जन केन्द्र गुढ़ी बांकी चंदौरी कलां में गेहूँ खरीदी कार्य का शुभारंभ कलेक्टर ने गेहूं उपार्जन की व्यवस्थाओं पर समीक्षा कर जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम, वेयर हाउस, जिला आपूर्ति अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पंजीकृत किसानों से सुगम व सुविधाजनक रूप से मानक गुणवत्ता का गेहूं उपार्जन करने सभी केंद्रों में जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए।

### धर्मकांटा से तौल करने की मांग

सेवा सहकारी समिति बांकी द्वारा विक्रमादित्य वेयर हाउस में गेहूं उपार्जन कार्य प्रारंभ किया गया है। जनसुनवाई में पहुंचे किसानों का कहना है कि धर्मकांटा से तुलाई की सुविधा उपलब्ध कराई जाए, इससे किसानों को सुगमता होगी। वहीं समिति प्रशासन का कहना है कि ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। किसानों का कहना कि वर्षा के मौसम को देखते हुए धर्मकांटा से तुलाई कराई जाए इससे किसानों को आसानी होगी। शिकायत लेकर पहुंचे किसानों में लोकेश ठाकुर, ओमकार, गोवर्धन चघेल, रामअवतार, हसीय खान, सेवकराम, कृष्ण कुमार, जयकुमार जंघेला इत्यादि शामिल रहे।

## वन्य प्राणी के शिकार की प्रबल संभावना

# एक सप्ताह के भीतर दूसरे तेंदुए की मौत

हरिभूमि न्यूज़ कटंगी।

कटंगी। बालाघाट जिले के वन परिक्षेत्र कटंगी के महकेपार सर्किल के ग्राम बड़पानी में जंगल से करीब 500 मीटर की दूरी पर एक किसान के खेत में बनी पत्थर की कुएं में गुरूवार 03 अप्रैल की शाम 07 बजे के आस-पास वन्य प्राणी मादा तेंदुए को मृत अवस्था में देखा गया है. तेंदुए का शव करीब 03 से 04 दिन पुराना होने की आशंका जताई जा रही है. वहीं तेंदुए को मृत अवस्था में कुएं में फेंके जाने यानी शिकार की प्रबल संभावना भी है. वन परिक्षेत्र कटंगी में एक सप्ताह के भीतर वन्य प्राणी तेंदुए की मौत की यह दूसरी घटना है. जबकि वन्य प्राणी बाघ की मौत की भी घटना सामने आई है. 29 मार्च को ग्राम नंदोरा में रमेश लक्षणे के खेत में बनी खुली कुएं में गिरने से वन्य प्राणी तेंदुए की मौत हो गई थी. जबकि 01 मार्च को कोड़मी में वन्य प्राणी बाघ की भी मौत की घटना भी सामने आई. गुरूवार को बड़पानी में नीलकंट मालेवार के खेत में बनी कुएं में गुरूवार को तेंदुए का शव मिला है. बकरी चराने गए ग्रामीण गणराज झोड़े ने तेंदूए के शव को पानी में तैरते हुए देखा और वन विभाग के चौकीदार हरिचंद राउत को सूचना दी. चौकीदार





ने महकेपार सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी तिलक चंद देशराज और वरिष्ट अधिकारियों को सूचना दी है. सूचना मिलने पर वन परिक्षेत्र अधिकारी बाबूलाल चढ़ार और उपवन मंडल अधिकारी बी.आर. सिरसाम देर शाम घटनास्थल पर पहुंचे. वहीं तेंदुए की मौत की सूचना मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण भी घटना स्थल पर पहुंच गए. शुक्रवार की दोपहर करीब ड़ेढ़ बजे वन्य प्राणी तेंदुए के शव को कुएं से बाहर निकाला गया. वहीं राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुसार 03 चिकित्सकों की एक टीम ने पीएम कर प्रोटोकॉल के मुताबिक शाम साढ़े 04 बजे अंतिम संस्कार किया गया.

**ग्रामीण के घर पहुंचा डॉग स्क्वायड-**

तेंदुए की मौत के बाद डॉग स्क्वायड मौके पर पहुंचा. यह स्क्वायड जांच करते हुए एक ग्रामीण के घर तक पहुंचा. जिसके बाद वन विभाग ने गांव के 02 ग्रामीणों से पूछताछ शुरू कर दी है. वन परिक्षेत्र अधिकारी ने बताया कि जांच चल रही है. वह भी शिकार को संभावित कारण मान रहे है. हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी का पता चल सकेगा. इस दौरान मौके पर पहुंची तहसीलदार गीता राहंगडाले ने सरपंच दीपक गभने से कहा कि वह पंचायत में प्रस्ताव बनाकर इस तरह की कुओं के आस-पास बाउंड्री वॉल बनाने की दिशा में भी कार्य करें चूंकि खुली कुएं ना सिर्फ वन्य प्राणियों के लिए खतरा है बल्कि इससे मानव जीवन पर भी संकट है.

**इसलिए शिकार का लगाया जा रहा अनुमान-**

गौरतलब हो कि वन्य प्राणी तेंदुए का शव जिस कुएं में मृत अवस्था में मिला है. वहां गिरकर तेंदुए की मौत होना लगभग नामुमकिन प्रतीत होता है. दरअसल, तेंदुए एक अच्छा तैराक माना जाता है और जिस कुएं में वन्य प्राणी मृत पाया गया है वह पत्थरों से बनी कुंआ है और कुएं में पानी की मात्रा और जमीन के बीच इतना कम अंतर है कि तेंदुआ आसानी से छलांग लगाकर या पत्थरों के सहारे भी बाहर आ सकता था. प्रतीत तो यही हो रहा है कि वन्य प्राणी तेंदुए को मृत अवस्था में कुएं फेंका गया होगा. बता दें कि कई लोग जंगली सुअर का शिकार करने और फसलों को वन्य प्राणियों से बचाने के लिए खेतों के आस-पास बिजली के करंट का उपयोग करते है. शायद इस करंट की चपेट में आने से भी वन्य प्राणी की मौत हो सकती है लेकिन यह केवल अनुमान है. पीएम रिपोर्ट आने के बाद भी तेंदुए की मौत किन कारणों से हुई है इसकी पुष्टि हो पाएगी.

**इनका कहना है-**

04 अप्रैल की शाम वन्य प्राणी तेंदुए का शव कुएं में दिखाई देने की सूचना मिली थी. रात्रि होने के कारण शुक्रवार को पीएम करवाकर अंतिम संस्कार किया गया है पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों को पता चलेगा जांच जारी है।

**बाबुलाल चढ़ार**
**वन परिक्षेत्र अधिकारी कटंगी**

# जल संकट रोकने के उपायों पर आज स्कूलों में 1 घंटे कहानियाँ, किस्से सुनाए जाएंगे





बालाघाट । जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में विभिन्न विभागों द्वारा कार्य योजना तैयार कर ली गई है। साथ ही जलस्त्रोतों पर श्रमदान के कार्य भी लगातार जारी है। जल संवर्धन के आवश्यक कार्यो के साथ ही जन जागरूकता के कार्य भी प्रारम्भ हो गए है। इसके लिए शिक्षा विभाग ने स्कूली विद्यार्थियों में जल संरक्षण के संस्कार व संस्कृति विकसित हो इसके लिए स्कूलों में विभिन्न प्रतियोगिताओ के माध्यम से विद्यार्थियों को बताया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी श्री एके उपाध्याय ने बताया कि स्कूलों में 2 अप्रैल से नियमित प्रतियोगिताये और अन्य गतिविधियां प्रारम्भ की गई है। जिसमें जल की महत्वता और इसके बचाव के लिए हर दिन 1 घंटे की कक्षा ली जा रही है। शनिवार को जल संकट रोकने के उपायों पर 1 घंटा कक्षा ली जाएगी। इसमें कविताओं, कहानियों व किस्सों के माध्यम से जल बचाने के आसान तरीके बताते हुए जल संरक्षण के महत्व बताये जाएंगे।

**विद्यालय में जल संग्रहण से लेकर संवर्धन के वैज्ञानिक मॉडल भी तैयार होंगे**

शिक्षा विभाग द्वारा बनाई गई कार्ययोजना में निबंध, पोस्टर, रंगोली, परिचर्चा और संवाद के अलावा कई गतिविधियां आयोजित की जा रही है। 2 अप्रैल को हर स्कूल में विद्यालय में पानी टंकी संग्रहण के साथ साफ सफाई, 3 अप्रैल को कूलर मटकों शीतल पेय जल के स्थानों की सफाई की गई। साथ ही स्कूलों में जल संरक्षण के लिए वैज्ञानिक रूप से मॉडल तैयार कराए जाएंगे।

**वन विभाग ने भी बनाई कार्ययोजना**

जल गंगा अभियान के तहत वन विभाग द्वारा कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके अनुसार 12 वनमंडलो में 5600 हेक्टेयर क्षेत्र में 10 लाख 85 हजार पौधे रोपने का लक्ष्य रखा है।

**श्रमदान में बढ़ने लगे हाथ स्त्रोत होने लगे साफ**

शुक्रवार को मलाझखण्ड, बैहर, लांजी, वारासिवनी निकायों में श्रमदान के कार्य किये गए। मलाजखण्ड में अभियान के तहत छितालपानी तालाब में कटंगी नगर परिषद में बगीचे की सफाई, बैहर में सीडियां तालाब और वारासिवनी में शंकर तालाब पर श्रमदान किया गया। जबकि ग्रामीण क्षेत्रो में खेत तालाब बनाने का सिलसिला लगातार जारी है। इसमें बिरसा जनपद के निक्कूम, धुंधुनवारधा, बिजाटोला और देवगांव में लघु तालाब, बालाघाट जनपद में मगरदर्रा ऑयर अन्य जनपदों में भी मनरेगा के तहत निर्माण कार्य प्रारम्भ हुए है। इसी तरह भरवेली सहित मगरदर्रा व अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में प्याऊ स्थापित की गई है।

**जल संरक्षण व संवर्धन की जागरूकता के लिए प्रतियोगिताए**

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शिक्षा विभाग को जल संरक्षण व संवर्धन के लिए जगरूकता की जिम्मेदारी सौंपी गई है।शिक्षा विभाग द्वारा 5 अप्रैल को स्कूलों में 1 घंटे जल संकट रोकने के उपायों पर चर्चा की जाएगी।

# लीलादेवी काशीपुरी के निधन पर लांजी किरनापुर गढ़वाल समाज में शोक

हरिभूमि न्यूज लांजी।

**समाज की प्रथम महिला मंडल अध्यक्ष होने का गौरव प्राप्त था- रंजीत सिल्हारे**



लांजी। अखिल भारतीय गढ़वाल समाज भिलाई मंडल की अध्यक्ष श्रीमती लीलादेवी काशीपुरी का विगत दिनों छत्तीसगढ़ के रायपुर में निधन हो गया। जानकारी अनुसार श्रीमती लीलादेवी का कुछ दिन पूर्व एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई थीं, जिसके बाद उन्हें बेहतर उपचार हेतु रायपुर स्थित एक अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उल्लेखनीय है कि श्रीमती लीलादेवी काशीपुरी को अखिल भारतीय गढ़वाल समाज की प्रथम महिला मंडल अध्यक्ष बनने का गौरव प्राप्त था। वे भिलाई स्थित जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर में शासकीय सेवा में कार्यरत थीं। वे अपने पीछे पति कैलाश काशीपुरी और तीन पुत्रियाँ लेरिना, श्रुति एवं श्रेया को छोड़ गई हैं। श्रीमती काशीपुरी न केवल शासकीय सेवा और पारिवारिक दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करती थीं, बल्कि सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी निभाती थीं। उन्होंने अपनी पुत्रियों को भी आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इसी का परिणाम है कि उनकी बड़ी पुत्री लेरिना ने राष्ट्रीय स्तर पर भरतनाट्यम नृत्य विधा में प्रख्यात नृत्यांगना के रूप में अनेक पुरस्कार अर्जित किए। श्रीमती काशीपुरी का अंतिम संस्कार मंगलवार को रामनगर मुक्तिधाम में किया गयाए जहाँ उनकी तीनों पुत्रियों ने अपनी माँ की अर्थी को कांधादिया औरचिताको मुखाग्नि भी दी। इस गमगीन अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिकजन सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। लीलादेवी काशीपुरी के निधन पर लांजी के विश्व हिंदु परिषद अध्यक्ष रंजीत सिल्हारे ने शोक व्यक्त करते हुए कहा की उनका निधन समाज के लिये अपूर्णीय क्षति है तथा समाजहित में उनका योगदान हमेशा याद किया जाएगा।

# शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बैहर ,स्थानीय नगर मुख्यालय डॉ आंबेडकर चौक में विगत वर्ष 2 अप्रैल 2018 को भारत सरकार द्वारा अनुसूचित जाति जनजाति कानून में शिथिलता किए जाने के कारण पूरे देश में आंदोलन किया गया था उक्त आंदोलन में 13 लोग शहीद हो गए थे जिनकी याद में 2 अप्रैल को शाम 6:00 स्थानीय समाजसेवीयो के द्वारा दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी गई । उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी अशोक मसीह,बाबू साजनदास बोरकर, शेखरचंद अहिरवार भूपेंद्र मेरावी, अजीम खान, समारू धुर्वे,एड दीपक पंचभावे, सचिन चौहान, अधि सुनील बेले, राजा बोरकर, यश देशभरतार, विराज बेले सहित अन्य लोग उपस्थित थे

# मॉयल के प्रशासनिक फेरबदल में भरवेली प्रभावित

## भाटी अभिकर्ता एवं विवेक खान प्रबंधक होaगे

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





(बालाघाट): मॉयल प्रबंधन द्वारा नये वित्तीय वर्ष में अपने खदानों में व्यापक प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। जिससे भरवेली अर्थात बालाघाट खान भी प्रभावित हुई है। जिसके अंतर्गत मॉयल समूह-1 बालाघाट खान के अभिकर्ता एवं संयुक्त महाप्रबंधक राजेश कुमार सिंह को इसी पद पर मनसर समूह-3 का प्रभार सौंपा गया है। उनकी जगह इस पद पर पदस्थ समूह-2 चिखला खान के उम्मेद सिंह भार्टी समूह-1 का प्रभार संभालेगें। जबकि खान प्रबंधक भरवेली मंयक जैन को चिखला खदान एवं उनकी जगह पर विवेक कुमार जो भूमिगत खान प्रबंधक उकवा खदान है वह भरवेली खदान के नये खान प्रबंधक होगें। जबकि अन्य परिवर्तन में अभिकर्ता एवं संयुक्त महाप्रबंधक समूह-3 उमाशंका भुजाडे, समूह-2 चिखला खदान पदस्थ किये गये है। उसी तरह से मनोज मोढे को कांद्री खदान से डोंगरीबुर्जुग खदान एवं महेश गायकवाड असिस्टेट जी.एम. माईन को डोंगरीबुर्जुग खदान से कांद्री खदान माईन मैनेजर नियुक्त किया गया है। उल्लेखित है कि बालाघाट खान के नये अभिकर्ता उम्मेद सिंह भाटी पहले भरवेली में खान प्रबंधक के रूप में पदस्थ थे, जो पदोन्नत होकर चिखला गये थे, इसी तरह से विवेक कुमार भूमिगत खान प्रबंधक भरवेली थे, जिनका स्थानांतरण उकवा किया गया था। इसी तरह से अन्य विभागों के भी मॉयल प्रबंधन ने बडे स्तर पर फेरबदल किये है।

# पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष स्व. श्रीमती मीरा आई समरीते की प्रथम पुण्यतिथि आज



**लांजी**। नगर परिषद लांजी की पूर्व अध्यक्ष एवं लांजी-किरनापुर क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोर समरीते की माताजी मीरा 'आई समरीते का प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम 5 अप्रैल को उनके लांजी-बालाघाट रोड स्थित निवास पर आयोजित किया गया है। उल्लेखनीय है की श्रीमती मीरा 'आई समरीते 2015-2020 तक नगर परिषद लांजी की अध्यक्ष रह चुकी है जिन्होने अपने कार्यकाल में लांजी नगर को अनेको सौंगाते प्रदान की तथा एक बार विधानसभा चुनाव में भी भाग्य आजमाया था। वहीं अपने नगर परिषद के कार्यकाल में खाली कुर्सी भरी कुर्सी के चुनाव में विरोधियों को पटखनी देते हुए अपनी अध्यक्षीय पद बरकरार रखा था। वहीं श्रीमती मीरा 'आई समरीते को नगर के लोग 'आई के नाम से ज्यादा विख्यात थी। पि छ ले वर्ष 2024 में श्रीमती मीरा 'आई समरीते का 5 अप्रैल की सुबह लगभग 8 बजे हृदयघात से निधन हो गया।

# हाईस्कूल सुनारककोड़ी में मनाया गया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट जिले के विकासखंड लाँजी अंतर्गत ग्रामपंचायत सुनारककोड़ी के शास.हाईस्कूल में शासन के निर्देशानुसार 01 अप्रैल 2025 को विद्यालय प्रांगण में प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया । आमंत्रित अतिथियों एवं विद्यालय स्टॉफ द्वारा सर्वप्रथम वीणापाणी माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाया गया तथा निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें प्रदान की गईं । इस अवसर पर आमंत्रित अतिथियों में शैलेष येरपुड़े जी (विशिष्ट अतिथि),भागचंद आसटकर जी (वार्डपंच),सुरेश येरपुड़े जी,महेंद्र रंगारीजी,मधुकर तांडेकर जी तथा विद्यार्थियों के अभिभावकगण उपस्थित रहें । आमंत्रित विशिष्टअतिथि के उद्बोधन के पश्चात विद्यालय के शिक्षकों द्वारा म.प्र.शासन की विभिन्न योजनाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया एवं ध्यान लगाकर पढ़ाई करते हुए अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने की सलाह दी गई । कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रभारी एम.एल.येड़े द्वारा उपस्थित अतिथियों तथा अभिभावकों का हृदय से आभार प्रकट करते हुए नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रेषित की गईं ।

# मानव धर्म के संस्थापक बाबा जुमदेव जी की मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

**सेवकों ने अस्पताल में मरीजों को बांटे फल किया पौधारोपण**



**कटंगी**। 03 अप्रैल 1921 नागपुर में जन्मे मानव धर्म के संस्थापक महान त्यागी बाबा जुमदेव जी की जयंती शुक्रवार को कटंगी में भी मनाई गई. वारासिवनी रोड़ निवासी सेवक सेकेन्द्र सिंह बिसेन के निवास पर जयंती समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें तमाम सेवक-सेविकाओं ने हिस्सा लिया. शाम 06 बजे सेवक श्री बिसेन ने जानकारी देते हुए बताया कि जयंती समारोह के मौके पर सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर भगवान बाबा हनुमान जी की पूजा-पाठ की गई. जिसके बाद सतगुरु मानव धर्म के संस्थापक महान त्यागी बाबा जुमदेव जी और मातोश्री वाराणसी के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया. जयंती समारोह के मौके पर निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें नेत्र रोगियों ने पहुंचकर अपनी आंखों की जांच करवाई. वहीं सेवक-सेविकाओं ने सरकारी अस्पताल कटंगी पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए और अलग-अलग स्थानों पर पौधरोपण किया. जयंती समारोह में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया. जयंती समारोह के सफल आयोजन में ओम प्रकाश सूर्यवंशी, कोमल प्रसाद बावने, सनोज तुरकने, धनपाल तरवरे, गनपत देवारे, हरिचंद पालीकर, भारती बिसेन, रीना सूर्यवंशी, जशवंता बाई आचरे, वैशाली पंचेश्वर, गायत्री बाई ठाकरे, भगवती मनघटे, केशव राव जगने, बैजनाथ पंचेश्वर और परमात्मा एक सेविका बहुउद्देशीय समिति का सराहनीय योगदान रही।

# वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले ने लक्ष्य से अधिक की राजस्व वसूली

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में बालाघाट जिले ने लक्ष्य से अधिक राजस्व वसूली कर अद्भुत मिसाल कायम की है। ऐसा पहली बार हुआ है कि जिले ने निर्धारित लक्ष्य से अधिक की राजस्व वसूली की हैं। संयुक्त कलेक्टर श्री मायाराम कौल ने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में बालाघाट जिले को 7 करोड़ की राजस्व वसूली का लक्ष्य प्राप्त हुआ था। किंतु कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में जिले के राजस्व अधिकारियों द्वारा निर्धारित लक्ष्य से 38 लाख अधिक का लक्ष्य प्राप्त किया गया है। इस तरह वित्तीय वर्ष 2024-25 में राजस्व अधिकारियों द्वारा कुल 7 करोड़ 38 लाख का राजस्व वसूली किया गया हैं। अगर तहसीलवार राजस्व वसूली देखी जाए तो सर्वाधिक राजस्व वसूली बालाघाट व लामता तहसील को मिलाकर कुल 2 करोड़ 71 लाख 38 हजार की राजस्व वसूली की गई है। इसी तरह तहसील किरनापुर से 1 करोड़ 29 लाख 33 हजार, वारासिवनी से 87 लाख 93 हजार, लालबर्रा से 63 लाख 21 हजार, बिरसा से 56 लाख 16 हजार, लांजी से 38 लाख 56 हजार, कटंगी से 29 लाख 15 हजार, परसवाड़ा से 28 लाख 47 हजार, बैहर से 24 लाख 47 हजार और खैरलांजी तहसील से 10 लाख 82 हजार की राजस्व वसूली की गई है।

# सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में एक दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में सांदीपनि विद्यालय (सीएम राइज स्कूल) बालाघाट में पुस्तक मेले का आयोजन 05, 06, एवं 07 अप्रैल को सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। डीईओ श्री एके उपध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि पुस्तक मेला आयोजन किये जाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों को सुलभ दर पर पुस्तके, गणवेश व स्टेशनरी उपलब्ध कराना है। इस पुस्तक मेले में निजी स्कूलों के गणवेश और स्टेशनरी की वस्तुए सुलभ दर पर उपलब्ध कराई जायेगी। मेले में बालाघाट शहर के 18 पुस्तक विक्रेता, गणवेश विक्रेता एवं स्टेशनरी विक्रेता सुबह 10 से शाम 6 बजे तक स्टॉल लगाएंगे।